केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मु.)
शिक्षा मंत्रालय के अधीन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN(HQ)
Under Ministry Of Education
18 संस्थागत एरिया शहीद जीत सिंह मार्ग
18 INSTITUTIONAL AREA, SHAHEED JEEET SINGH MARG,
New Delhi/नई दिल्ली -110016 दूरभाष/टेलीफ़ोन 26858570

कम्प्यूटर संख्या :1413
फ़ाइल सं: 11-ई-3042/1/2018-स्थापना-3/3568-00,    दिनांक: 28.12.2020

उपायुक्त,
केन्द्रीय वियालय संगठन,
समस्त क्षेत्रीय कार्यालय ।

विषय: शैक्षणिक सत्र 2021-22 हेतु केन्द्रीय विद्यालय संगठन के शिक्षा एवं प्रशिक्षण के आंचलिक संस्थानों हेतु स्नातकोत्तर शिक्षक/मुख्याध्यापक/पुस्तकालयाध्यक्ष की तैनाती के संदर्भ में ।

महोदया/महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के संदर्भ में अनुरोध है कि अपने क्षेत्रीय कार्यालय के अधीनस्थ केन्द्रीय विद्यालयों में से नीचे दिए गए प्रत्येक पद के लिए कम से कम दो नामों की वरीयता क्रम के अनुसार सिफ़ारिश करें ताकि उन्हें केविसं के प्रशिक्षण संस्थानों में तैनात करने के लिए शॉर्ट लिस्ट किया जा सकें । चयनित कर्मचारियों को उक्त कथित प्रशिक्षण संस्थानों में <u>प्रारंभ में एक वर्ष के लिए तैनात किया जाएगा तथा संबंधित जीट के निदेशक की रिपोर्ट के आधार पर अधिकतम 08 वर्ष</u> तक बढ़ाया जा सकता है ।

<u>शिक्षा एवं प्रशिक्षण के आंचलिक संस्थानों में रिक्त स्थानों की स्थिति:</u>

| क्र. सं | पद एवं सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार मूल वेतन/पे लेवल(सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग)जिसमें अभ्यर्थी वर्तमान मे कार्यरत है | आं० सं० शि० एवं प्रशि० मैसूर | आं० सं० शि० एवं प्रशि० ग्वालियर | आं० सं० शि० एवं प्रशि० मुंबई | आं० सं० शि० एवं प्रशि० भुवनेश्वर | आं० सं० शि० एवं प्रशि० चंडीगढ़ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्नातकोत्तर शिक्षक अंग्रेजी<br>मूल वेतन(रु० 56100-177500)(सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स तालिका स्तर-10) | | | 01 | | | 01 |
| 2 | स्नातकोत्तर शिक्षक भौतिकी<br>मूल वेतन(रु० 56100-177500)(सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स तालिका स्तर-10) | 01 | | 01 | 01 | 01 | 04 |
| 3 | स्नातकोत्तर शिक्षक भूगोल<br>मूल वेतन(रु० 56100-177500)(सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स तालिका स्तर-10) | | 01 | | | | 01 |
| 4 | स्नातकोत्तर शिक्षक गणित<br>मूल वेतन(रु० 56100-177500)(सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स तालिका स्तर-10) | | | 01 | 01 | 01 | 03 |
| 5 | स्नातकोत्तर शिक्षक अर्थशास्त्र<br>मूल वेतन(रु० 56100-177500)(सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स तालिका स्तर-10) | 01 | | | 01 | | 02 |
| 6 | स्नातकोत्तर शिक्षक वाणिज्य<br>मूल वेतन(रु० 56100-177500)(सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स तालिका स्तर-10) | | | | 01 | | 01 |
| 7 | स्नातकोत्तर शिक्षक इतिहास<br>मूल वेतन(रु० 56100-177500)(सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स तालिका स्तर-10) | | 01 | | | | 01 |
| 8 | स्नातकोत्तर शिक्षक रसायन शास्त्र<br>मूल वेतन(रु० 56100-177500)(सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स तालिका स्तर-10) | | 01 | 01 | | | 02 |
| 9 | स्नातकोत्ततर शिक्षक हिंदी<br>मूल वेतन(रु० 56100-177500)(सातवें केन्द्रीय वेतन आग के अनुसार पे मैट्रिक्स तालिका स्तर-10) | 01 | 01 | | | 01 | 03 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | स्नातकोत्तर शिक्षक जीव विज्ञान मूल वेतन(रु० 56100-177500)(सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स तालिका स्तर-10) | | | 01 | 01 | | 02 |
| 11 | मुख्याध्यापक<br>मूल वेतन (रु० 44900-142400)(सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स तालिका स्तर-7) | 01 | | 01 | 02 | 02 | 06 |
| 12 | पुस्तकालयाध्यक्ष<br>मूल वेतन (रु० 44900-142400)(सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स तालिका स्तर-7) | | | | 01 | | 01 |
| | कुल | 04 | 04 | 06 | 08 | 05 | 27 |

<u>तैनाती हेतु विचार किए जाने के लिए कर्मचारियों की योग्यता:</u>

क) <u>स्नातकोत्तर शिक्षक</u>

शि० एवं प्रशि० के आं० सं० में <u>वरिष्ठ वेतनमान</u> वाले स्नातकोत्तर शिक्षकों के पद संस्वीकृत हैं । <u>अतः वर्तमान में सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स तालिका स्तर-10 में मूल वेतनमान (रु० 56100-177500) में कार्यरत स्नातकोत्तर शिक्षक तैनात किए जाएंगे ।</u>

<u>अनिवार्य योग्यताएँ निम्नवत हैं:</u>

- स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55% अंक
- न्यूनतम 03 दिवसीय 03 सेवाकालीन पाठ्यक्रम/ कार्यशालाओं में भाग लिया हो जिनमें 01 सहायक निदेशक/संसाधन व्यक्ति के रूप में कार्य किया हो
- एमएस वर्ड,एमएस एक्सेल और एमएस पावर पॉइंट का कार्यसाधक ज्ञान

<u>वांछनीय योग्यताएँ:-</u>

- पी.एच.डी./एम.फिल./एम.एड.
- अंग्रेजी एवं हिंदी में श्रेष्ठ संप्रेषण कौशल
- युवाओं को शिक्षण प्रदान वाली प्रणाली की जानकारी और अनुभव
- शिक्षा में उभरते हुए क्षेत्रों की जानकारी
- रिपोर्ट लेखन/प्रकाशन/प्रशिक्षण मॉड्यूल/अनुसंधान/सर्वेक्षण संबंधी
- राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संचालित कार्यकर्मों में प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण में प्रक्षिक्षण प्राप्त किया हो |

ख) <u>पुस्तकालयाध्यक्ष</u>

<u>अनिवार्य योग्यताएँ:-</u>

- लाइब्रेरी साइन्स में स्नातकोत्तर डिग्री
- कम से कम 02 सेवाकालीन पाठ्यक्रमों में भाग लिया हो जिनकी न्यूनतम अवधि 02 सप्ताह से कम नहीं हो
- एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल और एमएस पावर पॉइंट का कार्यसाधक ज्ञान

<u>वांछनीय योग्यताएँ:-</u>

- पुस्तकालयाध्यक्ष के लिए संसाधन व्यक्ति/सहायक निदेशक के रूप में सेवाकालीन पाठ्यक्रमों को संचालित करने का अनुभव
- अच्छा संप्रेषण कौशल
- रिपोर्ट लेखन/प्रकाशन/प्रशिक्षण मॉड्यूल/अनुसंधान/सर्वेक्षण इत्यादि का अनुभव
- लाइब्रेरी साइन्स/अन्य संबंधी विषय में डॉक्टरेट की डिग्री
- राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संचालित कार्यकर्मों में प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण में प्रक्षिक्षण प्राप्त किया हो|

ग) <u>मुख्याध्यापक:</u>

<u>आवश्यक योग्यताएँ:</u>

- स्नातक स्तर पर न्यूनतम 50% अंक
- न्यूनतम 03 दिवसीय 03 सेवाकालीन विद्यालय से उच्च स्तर के पाठ्यक्रमों/ कार्यशालाओं में भाग लिया हो जिनमें 01 सहायक निदेशक/संसाधन व्यक्ति के रूप में कार्य किया हो |
- एमएस वर्ड,एमएस एक्सेल और एमएस पावर पॉइंट का कार्य साधक ज्ञान

<u>वांछनीय योग्यताएँ:</u>

- प्राथमिक शिक्षा में उभरते हुए क्षेत्रों की जानकारी
- श्रेष्ठ संप्रेषण कौशल
- युवाओं को शिक्षण प्रदान वाली प्रणाली की जानकारी और अनुभव
- स्नातकोत्तर डिग्री
- राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संचालित कार्यकर्मों में प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण में प्रक्षिक्षण प्राप्त किया हो

<u>चयन का मानदंड</u>

स्नातकोत्तर शिक्षकों/मुख्याध्यापकों/पुस्तकालयाध्यक्षों की तैनाती व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर की जाएगी, जो केन्द्रीय विद्यालय संगठन(मु0) अथवा मुख्यालय द्वारा निर्धारित किसी अन्य स्थल पर आयोजित होंगी।

व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्राप्तांकों के आधार पर ही अभ्यर्थियों की तैनाती के बारे मे निर्णय लिया जाएगा। तथापि अभ्यर्थियों के बराबर अंक होने पर स्नातकोत्तर शिक्षकों के मामलों में उनके स्नातकोत्तर स्तर पर प्राप्त अंक, मुख्याध्यापकों के लिए स्नातक स्तर पर प्राप्त अंक तथा पुस्तकालयाध्यक्षों के मामलों में पुस्तकालय विज्ञान स्नातक स्तर पर प्राप्त अंकों के आधार पर निर्धारण किया जाएगा।

निर्धारित न्यूनतम योग्यता पूर्ण करने वाले आवेदकों के आवेदन-पत्रों को क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर शार्ट-लिस्ट किया जाएगा:-

क) **स्नातकोत्तर शिक्षक(वरिष्ठ वेतनमान)**

| क्र.सं | मानदंड का विवरण | अनुपात |
|---|---|---|
| 1 | पूर्वगामी 03 वर्षों की वार्षिक कार्य निष्पादन रिपोर्ट(APAR) (31 मार्च को समाप्त वर्ष) | 30% |
| 2 | पिछले 03 वर्षों 2018,2019,2020 की परीक्षाओं में कक्षा 12 में संबंधित विषय का औसत परिणाम | 30% |
| 3 | पिछले 03 वर्षों 2018.2019,2020 की परीक्षाओं में कक्षा 12 में संबंधित विषय का औसत पी आई | 30% |
| 4 | क्षेत्रीय कार्यालय के उपायुक्त द्वारा अभ्यर्थी की योग्यता/उपलब्धियों/पुरस्कारों के आधार पर मूल्यांकन किया जाना | 10% |

ख) **मुख्याध्यापकों/पुस्तकालयाध्यक्षों**

| क्र.सं | मानदंड का विवरण | अनुपात |
|---|---|---|
| 1 | पूर्वगामी 03 वर्षों की वार्षिक कार्य निष्पादन रिपोर्ट(APAR) (31 मार्च को समाप्त वर्ष) | 60% |
| 2 | क्षेत्रीय कार्यालय के उपायुक्त द्वारा अभ्यर्थी की योग्यता/उपलब्धियों/पुरस्कारों के आधार पर मूल्यांकन किया जाना | 40% |

**<u>प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय 04 अथवा उससे अधिक पदों/विषय की रिक्तियों के लिए 02 अभ्यर्थियों का चयन करेगा तथा 03 अथवा उससे कम रिक्ति के लिए केवल 01 अभ्यर्थी को शॉर्ट-लिस्ट करेगा ।</u>**

साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को कार्यालय ड्यूटी पर ही माना जाएगा तथा वे केविसं के नियमानुसार यात्रा/दैनिक भत्ते के हकदार होंगे ।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त श्रेणियों में से ऐसे योग्य एवं इच्छुक कर्मचारियों की पहचान करके 04 अथवा उससे अधिक (पदों/विषय) की रिक्तियों के लिए 02 अभ्यर्थियों के नामों की तथा 03 अथवा उससे कम रिक्तियों के लिए 01 अभ्यर्थी के नाम की संस्तुति करें जिनके विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई /सतर्कता कार्रवाई लंबित नहीं हो तथा शिक्षा एवं प्रशिक्षण के आंचलिक संस्थान में तैनाती के इच्छुक भी हो ।

पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन पत्र संलग्न निर्धारित प्रपत्र में **<u>अधोहस्ताक्षरी के पास अधिकतम 15 जनवरी 2021</u>** तक पहुँच जाने चाहिए जिनके साथ **<u>अनुलग्नक-1 के साथ उपरोक्कतानुसार उपरोक्तानुसार उल्लिखित पूर्ववत 03 वर्षों की वार्षिक कार्य निष्पादन रिपोर्ट(APAR) ग्रेडिंग तथा सतर्कता प्रमाणपत्र तथा अन्य विवरण एक्सेल शीट में अनुलग्नक-2 में संलग्न किए जाएँ ।</u>**

शिक्षा एवं प्रशिक्षण के आंचलिक संस्थान में तैनात संकाय सदस्य केन्द्रीय विद्यालय संगठन के कार्यालय ज्ञापन सं फ़ाइल 110338/1/2011-केविसं(मु०)(शै०)दिनांक: 14/21.10.2011 के अनुक्रम में प्रशिक्षण भत्ते के हकदार होंगे ।

इसे केंद्रीय विद्यालय संगठन के सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से जारी किया जाता है ।

नोटः <u>यदि इस परिपत्र के हिन्दी अनुवाद की विवेचना में कोई अन्तर पाया जाता है तो अंग्रेजी रूप मान्य होगा।</u>

भवदीय

28/12/2020

(धर्मेंद्र पटले)

**सहायक आयुक्त (स्थापना 2/3)**

संलग्नः यथोपरि ।

**प्रतिलिपि:**

1) निदेशक, केविसं मैसूर, ग्वालियर, मुंबई, भुवनेश्वर एवं चंडीगढ़ ।
2) उपायुक्त,(शैक्षिक),(ईडीपी) ,केविसं(मु), नई दिल्ली ।

ANNEXURE-1

# PROFORMA

## APPLICATION FOR POSTING OF STAFF AT ZIETs FOR THE ACADEMIC YEAR 2021-2022

NOTE · THE EMPLOYEES SHOULD GO THROUGH THE PROFORMA CAREFULLY AND GIVE ALL THE DETAILS WHEREVER NECESSARY.

NAME OF ZIET TO WHICH APPLIED : ____________________
(EITHER ONE ZIET OR MORE GIVE
NAME OF ZIET IN ORDER OF PREFERENCE)

1. NAME (SHRI/SMT./KUM.) : ____________________
2. DESIGNATION : ____________________
3. NAME OF KV WHERE WORKING : ____________________
4. SENIORITY NO. IN THE PRESENT POST (IF AVAILABLE) : ____________________
5. DATE OF JOINING IN THE PRESENT POST ON REGULAR BASIS : ____________________
6. DATE OF BIRTH : ____________________
7. AGE AS ON 31.12.2020 : ____________________
8. SEX & MARITAL STATUS : ____________________
9. EDUCATION QUALIFICATIONS

| EXAM PASSED | BOARD/ UNIVERSITY | YEAR OF PASSING | MARKS OBTAINED | CLASS/ DIVISION | SUBJECT OFFERED | %AGE OF MARKS OBTAINED |
|---|---|---|---|---|---|---|
| HIGH SCHOOL/ MATRIC | | | | | | |
| HIGHER SEC. | | | | | | |
| PUS/INTER. | | | | | | |
| BA/B.Sc./B.COM. | | | | | | |
| MA/M.Sc./M.COM. | | | | | | |
| LT/BT/B.ED. | | | | | | |
| M.ED/JBT/JCT/CT | | | | | | |
| PH.D | | | | | | |
| OTHER QUALIFICATIONS | | | | | | |

10. Full details regarding serving service/Experience in the post applied for in KVS and elsewhere (for example: if applied for PGT give details of PGT only)

| Post | Name of the KV where working presently | Date of appointment to the post | Basic pay | Pay Level as per 7th CPC | Total service in Present post |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |

11. Whether willing to join the place of posting in a short notice and to serve for as per the terms and condition (Yes/ No): ____________.
12. Any other relevant information which the applicant would like to furnish (like National Award/ KVS Incentive Award & Commendation for result during last 03 years): ____________________.
13. Pass % and P.I in Class – XII for PGTs :

| Pass % of Class - XII | | | P.I of Class - XII | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2018 | 2019 | 2020 | 2018 | 2019 | 2020 |
| | | | | | |

14. Any special achievement : ____________________

SIGNATURE OF APPLICANT WITH DATE

SIGNATURE OF THE PRINCIPAL OF KV WITH DATE AND SEAL
(AS A TOKEN OF VERIFICATION OF ENTRIES FILLED BY THE APPLICANT IN THE APPLICATION FORMAT/RECOMMENDATION OF NAME OF APPLICANT.

CERTIFICATE

Certified that applicant Shri/Smt./Km. ______________________________ (Designation)______________________________ recommended for posting to Kendriya Vidyalaya Sangathan ZIET ______________________________ has absolutely clean record of service and no disciplinary case/departmental enquiry is contemplated or pending against him/her. His/Her overall APAR grading for the last three years is as under:

2018 ____________________ 2019 ____________________ 2020 ____________________

SIGNATURE OF THE DEPUTY COMMISSIONER
CONCERNED WITH DATE AND SEAL

CERTIFICATE

I, ______________________________ ( Name & Designation) do hereby given an undertaking that I will positively report for the duty by the stipulated date if selected for posting at Kendriya Vidyalaya Sangathan, ZIET ______________. I will not withdraw my candidature at a later date for any reason, whatsoever. I will certainly report for duty on getting posting order and will serve my tenure until recalled for any administrative reasons. I am ready to attend interview, if called.

SIGNATURE OF APPLICANT.

**ANNEXURE - II**

## KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN, REGIONAL OFFICE, ____________________

| Sl. | Seniority No. | Post with Basic pay and Pay Level (as per 7th CPC) | ZIET where applied | Name | M/F | Present KV | Date of birth | Age as on 31.12.2020 | Educational Qualification | Date of joining in the present post | APAR grading point as on year ending on 31st March | | | Total APAR grading Points | PASS % Class XII AISSCE Exam | | | Performance Index (P.I) Class - XII AISSCE Exam | | | Special Achievment (if any) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | 2018 | 2019 | 2020 | | 2018 | 2019 | 2020 | 2018 | 2019 | 2020 | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

**Singnature of Dy. Commissioner with seal**